निरस्त

संख्या- 241 /2024/ 1653 /चार-2024

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः

लखनऊः दिनांक 12 जून, 2024

विषय- राजभवन, लखनऊ में दिनांक 01 मई, 2024 को गुजरात एवं महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रस्तावित आयोजन हेतु प्रदान की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति को निरस्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-450/सं0नि0-15(04)/2024-25, दिनांक 03 जून, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 230 /2024/1345/चार-2024 दिनांक 29 अप्रैल, 2024 द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजभवन, लखनऊ में दिनांक 01 मई, 2024 को गुजरात एवं महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजन हेतु रू0 5,95,000/- (रू0 पॉच लाख पिच्चानबे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. उल्लेखनीय है कि लोक सभा चुनाव आचार संहिता, 2024 लागू होने के कारण दिनांक 01 मई, 2024 को गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के प्रस्तावित कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

4. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजभवन, लखनऊ में दिनांक 01 मई, 2024 को गुजरात एवं महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के आयोजन हेतु प्रदान की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश संख्या- 230 /2024/1345/चार-2024 दिनांक 29 अप्रैल, 2024 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

संख्या- 241 /2024/ 1653 (1) / चार-2024, तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in